B-3
L-6
Geography

17/10/2023

कर्क रेखा पर उत्तर अमेरिकी देश - मैक्सिको, बहामास।

दक्षिण अमेरिका -:

→ यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा महाद्वीप है।

→ इस महाद्वीप का अक्षांशीय विस्तार लगभग 10°N से 55°S तक है।

→ यह महाद्वीप पश्चिमी गोलार्द्ध में है। 60°W देशांतर रेखा लगभग इसके मध्य से होकर गुजरती है।

→ दक्षिण अमेरिका में मुख्यत: स्पेनिश और पुर्तगाली भाषा बोली जाती है।

KGS KHAN GLOBAL STUDIES IAS Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

दक्षिण अमेरिका का राजनैतिक परिचय -

→ दक्षिण अमेरिका में कुल 12 + 1 देश हैं।

→ इस महाद्वीप का सबसे बड़ा देश ब्राजील है।

→ विषुवत वृत्त को छूने वाले दक्षिण अमेरिकी देश - इक्वेडोर - क्वीटो (राजधानी)
- कोलम्बिया - बोगोटा
- ब्राजील - ब्राजीलिया

→ क्वीटो विश्व की दूसरी सबसे ऊंची राजधानी है।

→ कोलम्बस का तट प्रशांत और अटलांटिक दोनो महासागरों को छूता है।

→ इक्वेडोर का गालापेगास द्वीप एक ज्वालामुखीय द्वीप है। डार्विन ने इसी द्वीप पर कार्य किया था।

→ ब्राजील के साथ सीमा नहीं साझा करने वाले दक्षिण अमेरिकी देश : केवल 2 देश - इक्वेडोर
चिली-

→ चिली की राजधानी सैंटियागो है।

→ दक्षिण अमेरिका में स्थलबद्ध देश : 2 देश
- बोलिविया - ला-पाज - (विश्व की सबसे ऊंची राजधानी)
- पराग्वे - असूनसीओन

→ बोलिविया की संवैधानिक/न्यायिक राजधानी सुक्रे में है।

→ विश्व का सबसे बड़ा तेल भंडार वेनेज्वेला में है। इसकी राजधानी काराकास है।


→ दक्षिण अमेरिका के चार छोटे देशों का पश्चिम से पूर्व में क्रम -

| | वेनेज्वेला → | गायाना → | सूरीनाम → | फ्रेंच गिआना |
|---|---|---|---|---|
| राजधानी- | काराकास | जार्जटाउन | पारामारीबो | केयैन |

→ सबसे दक्षिण में फैले देश - अर्जेंटीना एवं चिली



KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR





1. प्रशांत महासागर
2. अटलांटिक महासागर
3. पनामा की खाडी
4. डेरियेन की खाडी

→ मकर रेखा पर दक्षिण अमेरिका के देश - कुल 4

1. चिली C
2. अर्जेंटीना A
3. पराग्वे P
4. ब्राजील B

→ 'ड्रेक पास' दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका को अलग करता है।

→ जल संधि - दो बड़े भूखंडों के बीच जल का संकरा क्षेत्र अथवा दो बड़े जलाशयों को मिलाने वाला जल जल का संकरा क्षेत्र




KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

जल के क्षेत्र की चौड़ाई के आधार पर इसे अलग - अलग नामों से भी जाना जाता है।

→ मैगेलन जल संधि - अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है। यह दक्षिण अमेरिका की मुख्य भूमि को टिएरा डेल फ्यूगो से अलग करती है।

- मैगेलन, एक पुर्तगाली थे। यह पृथ्वी की सागरीय परिक्रमा करने वाले पहले व्यक्ति थे। इनको Pacific ocean (प्रशांत) का नाम देने का श्रेय भी जाता है।

→ विश्व की सबसे बड़ी नदी अमेजन है, जो ब्राजील में है।

→ दक्षिण अमेरिका के अमेजन वनों को धरती के फेफड़े भी कहा जाता है।

→ चिली में विश्व का सबसे सूखा मरुस्थल, अटकामा मरुस्थल, है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR